# कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली

(शिक्षा भवन, दिग्घीकला, हाजीपुर)

रविन्द्र कुमार, बि0शि0से0
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

मोबाईल नं0-8544412079
हाजीपुर, वैशाली-844102

E-mail Id.-deovaishali.edn@gmail.com,deo-vaishali@bihar.gov.in

पत्रांक-......1632......

सेवा में,

सीमा सिन्हा,प्रधानाध्यापक
श्री राहुल कुमार गुप्ता ,विद्यालय अध्यापक,
सुरुचि राज, विद्यालय अध्यापक
उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बिशनपुर बादे,
प्रखंड-गोरौल, जिला-वैशाली।

हाजीपुर, दिनांक-...01/8/26...

विषयः- स्पष्टीकरण के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक अंकित करना है कि सहयोग पोर्टल पर दर्ज शिकायत संख्या REF637380 दिनांक 23.07.2026 के माध्यम से गंभीर शिकायत प्राप्त हुई है। शिकायतकर्ता के द्वारा अकित किया गया है कि **"प्रधानाध्यापक एवं सहयोगी जो खाता संचालन करते हैं उनके द्वारा 15 लख रुपए खाते से नगद निकालकर आपस में बांट लिया। इसमें कंप्यूटर विज्ञान के शिक्षक है राहुल कुमार गुप्ता एवं प्रधानाध्यापक मिलकर विद्यालय के खजाना खाली कर दिए तथा यह दोनों कभी भी विद्यालय समय से नहीं आते हैं राहुल कुमार गुप्ता अपना निजी कोचिंग चलाते हैं भगवानपुर में जिसका साक्ष्य मेरे पास सुरक्षित है। पूर्व में इसमें एक शिक्षिका सुरुचि राज के द्वारा एडमिशन एवं रजिस्ट्रेशन करने के नाम पर डेढ़ लाख से ऊपर रुपए वसूल किए गए। पेपर में खबर भी आया प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी जांच भी किया लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुआ बच्चों के भविष्य को अंधकार में डाल दिया गया बच्चे जो है वह परीक्षा देने में वंचित रह गएद्य अभी जो 200 बच्चे 1 साल पहले नाइंथ क्लास में एडमिशन लिए थे अब वह सपना देख रहे हैं कि मेरा दसवां का एग्जाम होगा परंतु इस हेड मास्टर के द्वारा उनका रजिस्ट्रेशन ही नहीं किया गया रजिस्ट्रेशन अगर किसी का किया गया तो उसका भुगतान नहीं किया गया जिसके कारण यहां पर जो 10जी कक्षा के 200 विद्यार्थी पढ़ रहे हैं उनका भविष्य अंधकार में डूबने वाला है। इसका जिम्मेवारी कौन लेगा जब उनका दसवीं का एग्जाम 200 छात्र का एक साथ पूरे विद्यालय का नहीं होगा। इनके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है पर पूर्व में जो प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी थे उनको दूरभाष के माध्यम से हमने संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि मेरा स्थानांतरण अन्य जिले में हो गया है हमने सभी पर कार्रवाई करने के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया था उनके स्तर से कार्रवाई लंबित है। इस विद्यालय के प्रधानाध्यापक के तानाशाही के कारण मध्य विद्यालय में जो छात्र पढ़ रहे हैं उनको शौचालय जाने तक के लिए मना किया जा रहा है। आपसे अनुरोध है कि आप जिलाधिकारी है इस विद्यालय में आकर अच्छे से इस विद्यालय की जांच करें ताकि छात्र के भविष्य के अंधकार में जाने से बच सके"।**

उक्त के आलोक में निम्न आरोप के बिंदुओं पर अपना स्पष्टीकरण 2 दिनों के अंदर साक्ष्य सहित उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगेः-

1.प्रधानाध्यापक एवं कंप्यूटर विज्ञान के शिक्षक श्री राहुल कुमार गुप्ता द्वारा विद्यालय खाते से 15 लाख रुपये नकद निकालकर आपस में बांट लेने (प्रभार मिलने के बाद निकासी की गई राशि मद वार निकासी एवंज मा की विवरण छात्र कोष तथा विकास कोष पंजी की छायाप्रति रोकड़ एवं अभिश्रव की छायाप्रति)।

2.प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक श्री राहुल कुमार गुप्ता के विद्यालय में नियमित एवं ससमय उपस्थित नहीं रहने। (माह जनवरी 2026 से वर्तमान माह तक की उपस्थिति पंजी की छायाप्रति)।

3.शिक्षक श्री राहुल कुमार गुप्ता द्वारा भगवानपुर में अपना निजी कोचिंग संस्थान चलाने के आरोप।

4.शिक्षिका सुरुचि राज द्वारा छात्र-छात्राओं के एडमिशन एवं रजिस्ट्रेशन के नाम पर 1.5 लाख रुपये से अधिक की अवैध वसूली करने का आरोप।

5.वर्तमान में 10वीं कक्षा में अध्ययनरत लगभग 200 विद्यार्थियों का 9वीं कक्षा में रजिस्ट्रेशन नहीं किए जाने अथवा रजिस्ट्रेशन शुल्क का भुगतान नहीं किए जाने के आरोप की वस्तुस्थिति। (वर्ग 10 का नामांकन एवं बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के वेबसाइट पर किया गया रजिस्ट्रेशन से संबंधित साक्ष्य एवं शुल्क जमा रसीद)।

6. प्रधानाध्यापक की तानाशाही के कारण मध्य विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को विद्यालय परिसर के शौचालय का उपयोग करने से मना करने/रोके जाने के आरोप की सत्यता।(मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक से आरोप के संबंध में प्रतिवेदन)।

आरोप की गंभीरता को देखते हुए तत्काल प्रभाव से आप सभी के वेतन भुगतान अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

विश्वासभाजन

01.8.26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

01/8/26

ज्ञापांकः-......................... हाजीपुर दिनांकः-............................

प्रतिलिपिः-मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक, जिला-वैशाली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

01.8.26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

01/8/26